# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 29.3.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...4-8...



एचएयू के होम साइंस कॉलेज में लगे शिविर में अपना हीमोग्लोबिन चेक करवातीं छात्राएं।

**300**
**यूनिट रक्तदान**

## छात्रों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज अग्रोहा और मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किए गए इस शिविर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि शिविर में भारी संख्या में छात्रों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया और 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ। यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल ढाका ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गृहविज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा सहित विभिन्न कॉलेजों के डीनज व अधिकारी तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. भगत सिंह उपस्थित थे।



एचएयू में रक्तदान शिविर का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 29.3.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-2

## एक यूनिट रक्तदान करने में 650 कैलोरी की होती है खपत जो मोटापा कम करने में सहायक



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के होम साइंस कॉलेज में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के तहत यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा तथा मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में एचएयू के वीसी प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी से प्रशिक्षण अधिकारी सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि जितना रक्त दिया जाता है उसकी आरबीसी 21 दिन में पूरी हो जाती है और व्यक्ति हर तीन माह के बाद पुनः भी रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से कैंसर जैसी भयावह बीमारियों के होने की संभावना में कमी आती है। एक यूनिट रक्तदान करने में 650 कैलोरी की खपत हो जाती है जो मोटापा कम करने में भी सहायक है। इस मौके पर छात्रों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया तथा 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........
दिनांक ..29.3.2019.. पृष्ठ सं. ....16.... कॉलम ....7-8....

## शिविर में 300 यूनिट रक्त एकत्रित



कुलपति प्रो. केपी सिंह रक्तदान शिविर का निरीक्षण करते हुए।

हिसार : एचएयू के गृहविज्ञान महाविद्यालय में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा तथा मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। शिविर में 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान डॉ. अनिल ढाका, डा. बिमला ढांडा, डा. भगत सिंह के अलावा विभिन्न कॉलेजों के अधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि. भूमि........

दिनांक 29.3.2019 पृष्ठ सं. ...14... कॉलम ...1...



## हकृवि शिविर में 300 युवाओं ने किया रक्तदान

हिसार। हकृवि के गृहविज्ञान महाविद्यालय में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मैडीकल कॉलेज, अग्रोहा तथा मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से रक्तदान के लिए अपील की। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षण अधिकारी सुरेन्द्र श्योराण ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रक्तदान से होने वाले लाभों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस दौरान 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल ढाका, गृहविज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा, एनएसएस अधिकारी डॉ. भगत सिंह उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पँजाब केसरी....

दिनांक 29.3.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...3...

# युवाओं ने किया 300 यूनिट रक्तदान

हिसार, 28 मार्च (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा मैडीकल कालेज, अग्रोहा व मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से कैम्प का आयोजन किया गया।

शिविर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्यातिथि थे। कुलपति ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षण अधिकारी सुरेंद्र श्योराण ने युवाओं के रक्तदान के बारे में युवाओं को मोटीवेट किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। शिविर में भारी संख्या में छात्रों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया तथा 300 यूनिट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नभ छोर....

दिनांक 28.3.2019 पृष्ठ सं. ...8... कॉलम ...1-5...

# रक्तदान के लिए छात्राओं की उमड़ी भीड़



हिसार/28 मार्च/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रैडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मैडीकल कॉलेज अग्रोहा तथा मिशन जन जागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किए गए शिविर के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. केपी सिंह नें रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प न होने के कारण इसकी आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। रक्तदान करके हम बेशकीमती जानों को बचा सकते हैं। उन्होंने रक्तदान के प्रति लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है इसलिए रक्तदान का कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने रक्तदान के लिए छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को अत्यंत गौरव की बात कहते हुए हर्ष व्यक्त किया। जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षण अधिकारी सुरेन्द्र श्योराण ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्तदान को एक सुरक्षित एवं स्वस्थ प्रक्रिया बताते हुए कहा कि जितना रक्त दिया जाता है उसकी आरबीसी 21 दिन में पूरी हो जाती है तथा व्यक्ति हर तीन माह के बाद पुनः भी रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से कैंसर जैसी भयावह बीमारियों के होने की संभावना में कमी आती है। एक यूनिट रक्तदान करने में 650 कैलोरी की खपत हो जाती है जो मोटापा कम करने में भी सहायक है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि शिविर में भारी संख्या में छात्रों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया तथा 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ। यूथ रैडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल ढाका ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गृहविज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा सहित विभिन्न कॉलेजों के डीन्ज व अधिकारी तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. भगत सिंह उपस्थित थे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नित्य शक्ति टाइम्स........

दिनांक 28.3.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ..1-4..

# रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लें : केपी

हिसार, 28 मार्च (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रैडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान

### हकृवि के गृह विज्ञान कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन




में मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा तथा मिशन जनजागृति ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किए गए इस शिविर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे।

कुलपति ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प न होने के कारण इसकी आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। रक्तदान करके हम बेशकेमती जानों को बचा सकते हैं। उन्होंने रक्तदान के प्रति लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है इसलिए रक्तदान का कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने रक्तदान के लिए छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को अत्यंत गौरव की बात कहते हुए हर्ष व्यक्त किया।

जिला रैडक्रॉस सोसाइटी, हिसार के प्रशिक्षण अधिकारी सुरेन्द्र श्योराण ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रक्तदान से होने वाले लाभों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने रक्तदान को एक सुरक्षित एवं स्वस्थ प्रक्रिया बताते हुए कहा कि जितना रक्त दिया जाता है उसकी आरबीसी 21 दिन में पूरी हो जाती है तथा व्यक्ति हर तीन माह के बाद पुन: भी रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से कैंसर जैसी भयावह बीमारियों के होने की संभावना में कमी आती है। एक यूनिट रक्तदान करने में 650 कैलोरी की खपत हो जाती है जो मोटापा कम करने में भी सहायक है।

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शिविर में भारी संख्या में छात्रों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया तथा 300 यूनिट टारगेट से भी अधिक रक्त एकत्रित हुआ। यूथ रैडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल ढाका ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में गृहविज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा सहित विभिन्न कॉलेजों के डीनज व अधिकारी तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. भगत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस वोलेंटियर्ज का योगदान सराहनीय रहा।